ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 328 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 मई 2025 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

आज का मौसम
35 अधिकतम
26 न्यूनतम

## कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

**भोपाल।** अपने 'संगठन सृजन अभियान' के तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मध्यप्रदेश में पार्टी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अध्यक्ष श्री खरगे द्वारा मध्यप्रदेश में संगठनात्मक पुनर्गठन के जिए जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इस अभियान का नाम संगठन सृजन अभियान रखा गया है, जिसका उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की जड़ों को गांव-गांव तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाना, तथा संगठनात्मक ढांचे को नए नेतृत्व के साथ सशक्त बनाना है। पार्टी के संगठन महामंत्री डॉ संजय कामले ने बताया कि ये पर्यवेक्षक प्रदेश के सभी जिलों में जाकर संगठनात्मक स्थिति का गहराई से मूल्यांकन करेंगे, स्थानीय कार्यकर्ताओं, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय नेताओं से संवाद करेंगे और निष्पक्षता व क्षमता के आधार पर नए जिला अध्यक्षों की सिफारिश करेंगे। इस पहल के तहत र ए सप्तगिरि उलाका, गुरदीप सिंह सप्पल, अखिलेश प्रताप सिंह, डॉ. अजय कुमार, विवेक बंसल, रिपुन बोरा, कृष्णा तीरथ सहित 50 नेताओं को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## तीर्थयात्रियों की बस आष्टा के पास पलटी, 35 घायल

**आष्टा।** कन्नौद-आष्टा मार्ग स्थित कतलाय घाट की चढ़ाई वाले स्थान पर राजस्थान के तीर्थ यात्रियों की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर कन्नौद से पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को कन्नौद के सरकारी अस्पताल लाया गया। हादसे में करीब 35 लोग घायल हुए हैं। इनमें से दो को कंधे में फैक्चर हुए हैं। अधिकांश घायलों का प्राथमिक उपचार करके छुट्टी कर दी गई। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर राजस्थान के तीर्थ यात्रियों की बस कन्नौद कुसमानिया के बीच कतलाय घाट पर अनियंत्रित होकर पलटी।

### उपराष्ट्रपति संग किसानों के बीच मप्र सरकार, नरसिंहपुर में कृषि-उद्योग समागम

# किसानों को बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने की कोशिश तेज : मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ आज मुख्यमंत्री मोहन यादव व मप्र के कई मंत्री व अफसर किसानों के बीच हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी मौजूद हैं। सीएम यादव ने इस मौके पर कहा कि आने वाले समय में सरकार किसानों को बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने की कोशिश कर रही है। इसके लिये सोलर पंप योजना को गति दी जा रही है। लाखों किसानों को इससे फायदा होगा। तकनीक के इस्तेमाल से फसलों का उत्पादन भी बढेगा और किसानों की खुशहाली भी बढेगी। दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के लिये भी कई प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मप्र में बीते बाइस साल में प्रति व्यक्ति आय बढी है और हर मोर्चे पर विकास के काम हुए हैं। यादव ने फूड प्रोसेसिंग पर जोर दिया और कहा कि यहां जल्द फूड प्रोसेसिंग पार्क भी स्थापित हो रहा है। इसके जरिये बडे पैमाने पर निवेश आएगा।

उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर में 102 हेक्टेयर में नए कृषि आधारित फूड पार्क तैयार होगा। 1300 करोड़ से ज्यादा के उद्योग के नए संकल्प लेकर आकार लेंगे। किसान को 5 रुपए में परमानेंट बिजली कनेक्शन देने का निर्णय किया है। किसानों को पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। बंटवारा, रजिस्ट्री और नामांतरण को ऑनलाइन किया गया है। पूरे प्रदेश में किसान मेले लगाए जाएंगे। इसके बाद सीहोर के पास 12-13 अक्टूबर को बड़ा मेला लगाया जाएगा।

इस दौरान उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री 116 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 86 विकास कार्यों का लोकार्पण व



भूमिपूजन किया। इसमें 69 करोड़ के 71 कार्यों का लोकार्पण और 46 करोड़ से अधिक लागत के 15 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। कृषि उद्योग समागम 2025' का उद्देश्य प्रदेश की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन से जोड़ते हुए निवेश, नवाचार और नौकरियों के नए द्वार खोलना है।

आज इस समागम नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम के दौरान आधुनिक तकनीक से खेती किसानी के कृषको को प्रेरित किया जा रहा है तथा कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में उद्योग इकाइयों का शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र एवं आशय पत्रों का वितरण भी हो रहा है।

## पीएम मोदी ने स्वीकारा भोपाल आने का न्यौता



**जंबूरी मैदान में 31 मई को महिला सम्मेलन**

पीएम नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री मोहन यादव का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इसी के साथ उनके भोपाल दौरे की तैयारियों में तेजी आ गई है। दिल्ली में पीएम से मिलकर यादव ने उन्हें महिला सम्मेलन में शामिल होने का विधिवत निमंत्रण दिया। इसके बाद सीएम दो दिनी प्रवास से भोपाल लौटे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मध्यप्रदेश के सांसदों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की।

**देवी अहिल्या को समर्पित महिला सम्मेलन-** 31 मई को होने वाला महिला सम्मेलन न्याय व सुशासन की देवी रानी अहिल्या बाई होल्कर की जन्मजयंती के अवसर पर किया जा रहा है। पीएम उक्त सम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करेंगे, कुछ महिलाओं से संवाद भी कर सकते हैं। वे अहिल्या बाई को समर्पित सिक्का भी लांच करेंगे तथा इंदौर मेट्रो, सतना व दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअली लोकार्पण भी करेंगे।

# हर मामले में बोलने की जरूरत नहीं मोदी की अपने नेताओं को हिदायत

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिरकार भाजपा नेताओं की बेलगाम बयानबाजी से आजिज आकर उन्हें हिदायत दे डाली। यदि खबरों की मानें तो उन्होंने भाजपा-एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों के साथ दिल्ली में जो बैठक की उसमें ऑपरेशन सिंदूर और इससे जुड़े मुद्दों पर टिप्पणी करने की चेतावनी दी। एक खबरिया चैनल ने सूत्रों के मुताबिक कहा कि मोदी ने नेताओं से कहा कि उन्हें हर मुद्दे पर बोलने की जरूरत नहीं है। न ही गैर-जरूरी बयानबाजी करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि बीती 11 मई को मप्र के मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बता दिया था। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है। कोर्ट ने विजय शाह की माफी भी नामंजूर कर जांच बैठा दी है। शाह के बाद हाल में हरियाणा से भाजपा सांसद रामचंद्र जांगडा ने कह दिया कि अपना सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगना का भाव और जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग गोली का शिकार बने। अगर पीएम की योजना के तहत ट्रेनिंग लेते और सामना करते तो इतनी मौतें नहीं होतीं। उधर मप्र के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा भी सेना को नतमस्तक बताने वाले बयान से घिरे हैं।

## पीएम के रोड शो में कर्नल सोफिया का परिवार

इस बीच पीएम आज दो दिनी दौरे पर गुजरात पहुंचे। बडोदरा एयरपोर्ट से एयरफोर्स गेट तक उन्होंने एक किलोमीटर का रोड शो किया। रोड शो में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार भी मौजूद रहा। उन्होंने भी फूल बरसाकर पीएम स्वागत किया। मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया।



## भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई।** भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मामले में जापान को पछाड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से निवेशकों का भरोसा और मजबूत होने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार ने ऊंची छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 747.66 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82,468.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का नि टी 218.10 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,071.25 अंक पर पहुंचा।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 208 अंक उछलकर 81,928.95 अंक पर खुला और खबर लिखे जाने तक 81,867.23 अंक के निचले जबकि 82,492.24 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। इसी तरह नि टी भी 66 अंक बढ़कर 24,919.35 अंक पर खुला और 24,900.50 अंक के निचले जबकि 25,079.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, 'भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी।

# 9 राज्यों में पहुंचा मानसून, मुंबई में भारी बारिश, पुणे में बादल फटे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दो दिन पहुंचे मानसून ने तेजी से अपना दायरा फैला लिया है और देश के 9 राज्यों में आमद दर्ज करा दी है। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु को कवर करने बाद मानसून ने अब पूरा गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से समेत मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड को कवर किया है। इसके असर से आज सुबह से ही मुंबई में तेज बारिश हो रही है। घने बादल की वजह से विजिबिलिटी काफी लो रही। सुबह 10 बजे भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव करते रहे। फ्लाइट पर भी इसका असर पड़ा।

खास बात यह कि महाराष्ट्र में 35 साल बाद तय समय से पहले मानसून पहुंचा है। अमूमन यह 5 जून के आसपास एंट्री करता था। उधर पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से कई नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए,कई गाड़ियां बह गईं, ट्रैक्टर भी पानी में डूब गया। 200 घरों में पानी भर गया। यूपी में आज 27 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 15 साल में यह पहला मौका है जब नौतपा के 9 दिन में एक दिन भी लू नहीं चलेगी।

## भारत में कोरोना के दो नए वेरिएंट मिले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में नए उभरते कोविड वैरिएंट ह्क्क1.8.1 का एक मामला और स्न्न.7 वैरिएंट के चार मामले सामने आए हैं। ये निष्कर्ष इंडियन सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम का है। जो वायरस में जेनेटिक चेंज की निगरानी करता है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में हाल में एक बैठक में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आईसीएमआर तथा अन्य प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया और स्थिति की समीक्षा की। दिल्ली में 23 नए कोविड मामले दर्ज किए गए हैं, आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 4 मामले सामने आए हैं, तेलंगाना में एक नए कोरोना केस की पुष्टि हुई है और पिछले 20 दिनों में क्रमिक वृद्धि के बीच बेंगलुरु में 9 महीने के बच्चे का कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। केरल में अकेले मई महीने में 273 मामले दर्ज किए गए हैं।

**मेट्रो एंकर**

### परिवार से बेदखल होने के बाद चुप, भूचाल का एपिसेटर बनी अनुष्का चर्चा में

# अनुष्का के भाई के लिए परिवार से भिड़ चुके तेजप्रताप!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इस वक्त लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप की सोशल मीडिया पोस्ट और इस पर लालू का एक्शन तो चर्चा में है लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में जो नाम है, वह है- अनुष्का यादव, जो राजद और लालू परिवार में भूचाल का एपिसेंटर बनी हैं। लोग पता कर रहे हैं कि अनुष्का यादव कौन हैं? अनुष्का को लेकर जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक उनका परिवार पटना के ही लंगरटोली में रहता है। अनुष्का के पिता का नाम मनोज यादव बताया जा रहा है। यह जानकारी भी सामने आ रही है कि वह आरजेडी की छात्र शाखा के प्रदेश अध्यक्ष रहे आकाश यादव की बहन हैं। आकाश को तेज प्रताप यादव ने ही आरजेडी की छात्र शाखा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था। कुछ समय पहले जब आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने आकाश को हटाकर गगन यादव को यह जिम्मेदारी सौंप दी थी तो भड़के तेज प्रताप ने उनके खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया था। तेजप्रताप ने जगदानंद सिंह के खिलाफ कोर्ट जाने तक की बात कह दी थी. जगदानंद सिंह इससे इतने आहत हुए थे कि उन्होंने पार्टी छोड़ने तक का मन बना लिया था। हालांकि, लालू यादव ने हस्तक्षेप किया व स्थिति संभाली। तब मामले को तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के बीच पार्टी पर वर्चस्व की लड़ाई के रूप में देखा गया था। क्योंकि गगन की इमेज तेजस्वी समर्थन नेता की है।



तेजप्रताप के तेवर से आरजेडी में बिखराव को लेकर भी चर्चा थी। क्योंकि तेजप्रताप ने लालू-राबड़ी मोर्चा नाम से अपनी गतिविधियां तेज कर दी थीं। आकाश अब पशुपति पारस की पार्टी में युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। गौरतलब है कि तेजप्रताप ने फेसबुक पर रिश्ते को लेकर दो बार फोटो के साथ पोस्ट किया और दोनों बार पोस्ट डिलीट कर दिया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी तस्वीर पोस्ट कर रिश्ता सार्वजनिक किया। फिर एक्स से भी पोस्ट डिलीट कर अकाउंट हैक की थ्योरी दोहराई। इसके बाद लालू ने तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकालने का ऐलान कर दिया। तेजप्रताप ने लिखा था कि मैं तेजप्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं, उनका नाम अनुष्का यादव है, हम दोनों 12 साल से एक-दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हम 12 साल से एक रिलेशनशिप में हैं। बहुत दिनों से यह बात कहना चाहता था, पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं...।

**चुनाव के पहले विरोधी सक्रिय:** राजद चीफ लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव इस बार जिस तरह कीचर्चा में हैं, उससे पूरा यादव परिवार विस चुनाव के पहले अजब मुश्किल में घिर गया है। तेजप्रताप के पोस्ट के बाद लालू यादव ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल भी दिया है। लालू ने साथ ही यह भी साफ कर दिया कि तेज प्रताप का परिवार में कोई रोल नहीं होगा। लेकिन विधानसभा चुनाव के मुहाने पर सामने आये इस मामले से लालू और राजद के लिये मुश्किलें खडी हो गई हैं। विरोधी तो लालू के एक्शन पर ही सवाल उठा रहे हैं।

## चैन्नई में लैंडिंग के वक्त चमकी लेजर लाइट से हड़कंप



**चैन्नई।** बीती रात चेन्नई में एक हवाईजहाज के उतरते समय एक विमान पर हरे रंग की लेजर बीम चमकने से हड़कंप मचा हुआ है। मामला सामने आने के बाद जांच शुरू की गई है। दुबई से 326 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने वाली फ्लाइट सिटी एयरपोर्ट पर उतरने ही वाली थी जैसे ही फ्लाइट नीचे उतरने लगी, पायलट ने देखा कि कॉकपिट पर एक हाई पॉवर वाली हरे रंग की लेजर बीम चमक रही थी। कथित तौर पर एयरपोर्ट के नज़दीक से लेजर पॉइंटर चमकाया गया, जिसकी वजह से पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी। पिछले साल जनवरी माह में बेंगलुरु से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट को लेकर इसी तरह की एक

### पीएम के दौरे के चलते अब जून तक टला मामला

# आईएएस के थोकबंद तबादले 31 तक अटके

भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश में आईएएस अफसरों के थोकबंद तबादले होने हैं, जो इस महीने की अंतिम तारीख तक अटक गए है। जून में कभी भी तबादले हो सकते हैं, जो कि बड़े पैमाने पर किए जाने की चर्चा है। असल में जंबूरी मैदान में 31 मई को महिला सम्मेलन होना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होने वाले है। इसे लेकर सरकार जोर–शोर से तैयारी कर रही है। इसमें कई अफसरों को लगा रखा है। यदि तबादले किए जाते हैं तो बीच में व्यवस्थाएं कुछ समय के लिए शिथिल हो सकती है या एकदम से व्यवस्थाओं में नए अधिकारियों के आने से बात बिगड़ भी सकती है।

## आईएएस तबादले की सूची लगभग तैयार

सूत्रों के आईएएस के तबादलों को लेकर अंदर खाने काफी काम हो चुके हैं। जिन अफसरों को नई जिम्मेदारी दी जानी है, उनसे अलग–अलग दौर की चर्चा हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक सरकार अब लक्ष्य के साथ अफसरों को नई जिम्मेदारी पर भेजना चाहती है, ताकि हर हाल में अच्छे से अच्छे परिणाम लिए जा सके इसके लिए संबंधितों से उनकी भी राय ली जा रही है।

## पदोन्नति पर असमंजस

पदोन्नति नीति पर भी असमंजस की स्थिति बन गई है। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी अपने–अपने फार्मूले बता चुके हैं। कुछ कर्मचारियों के पदाधिकारियों ने तो लिखित में सामान्य प्रशासन विभाग के अफसरों के सामने राय रखी है और कहा कि उनकी राय के विपरित जाकर नीति लाई तो सरकार को उनका साथ नहीं मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक पदोन्नति नीति में सभी कर्मचारियों को खुश कर पाना बहुत चुनौतीपूर्ण होता गया है। माना जा रहा है कि नीति बनाते समय नियमों का शत–प्रतिशत सख्ती से पालन किया तो कर्मचारियों द्वारा विरोध की स्थिति पैदा हो सकती है और सरकार 31 मई के पहले किसी भी तरह का विरोध नहीं झेलना चाहती।




# आरटीई की पंजीयन प्रक्रिया पूरी, अब 29 मई को निकलेगी लॉटरी

## स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस से मिलेगी सूचना

भोपाल, दोपहर मेट्रो। निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम ( आरटीई ) के तहत की प्रक्रिया जारी है। आवेदन के साथ ही निर्धारित सत्यापन केन्द्र ( शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र ) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन का कार्य भी पूरा चुका है। बताया जा रहा है कि इस बार प्रदेशभर से करीब डेढ़ लाख आवेदन पहुंचे हैं। शिक्षण सत्र 2025-26 की प्रवेश की प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी करने के साथ ही राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अब बच्चों और उनके अभिभावकों को लॉटरी का इंतजार है। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा की 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क प्रवेश किए जाने हैं। प्रदेश के बच्चों और उनके अभिभावकों को इस प्रक्रिया के शुरू होने के लंबे समय से इंतजार था।




# दसवीं और बारहवीं कक्षा की द्वितीय परीक्षा के आवेदन के लिए पांच दिन का समय

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

# जेएनयू में मप्र के छात्र भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं



## मध्यांचल उत्सव

भोपाल. दोपहर मेट्रो। नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्विद्यालय में मध्यांचल स्टूडेंट असोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यांचल उत्सव-2025 में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा , अनुसूचित जाति राष्टीय आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य , वरिष्ठ संपादक आलोक मेहता , जे एन यू की प्रोफेसर अंशु जोशी ने दिल्ली में रहने वाले मध्य प्रदेश के मूल निवासी छात्रों को भविष्य में मध्य प्रदेश के शिक्षा तथा सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया । संयोजक गोविंद डांगी ने बताया कि जे एन यू में करीब 3500 छात्र मध्यप्रदेश के हैं । पूरे दिल्ली में प्रदेश के अब करीब आठ हज़ार से अधिक छात्र हैं । यह गौरव की बात है। संगठन आपसी सहयोग बढ़ाने और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित कर रहा है । वक्ताओं ने कहा कि हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हमारा प्रदेश भारत का हृदयस्थल होने के साथ ही सांस्कृतिक, प्राकृतिक, धार्मिक और राजनीतिक दृष्टि से लोगों के मन में अपनी अनूठी छाप छोडता है। वहीं दूसरी ओर छात्रों द्वारा तैयार मप्र संबंधी शोध लेखों की पत्रिका मध्यांचल का लोकार्पण भी किया गया।

# बीयू : परीक्षाओं में स्मार्ट वॉच, मोबाइल और ब्लूटूथ से नकल, 52 से अधिक मामले

## चार उड़नदस्तों द्वारा कुल 250 से अधिक नकल प्रकरण अब तक दर्ज किए

भोपाल. दोपहर मेट्रो। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वर्तमान में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमबीस के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्ती के साथ ही अन्य परीक्षाएं जारी रही हैं। इन परीक्षाओं में नकल की रोकथाम के लिए तैनात चार उड़नदस्तों द्वारा 250 से अधिक नकल प्रकरण अब तक दर्ज किए हैं। हालांकि इस बार स्मार्ट वॉच के नकल प्रकरणों की संख्या अधिक है। इसमें से करीब 52 प्रकरण स्मार्ट वॉच, मोबाइल और ब्लूटूथ से नकल करते हुए पकड़े गए है। शेष प्रकरण विद्यार्थियों द्वारा पर्ची और किताबों के पेजों से नकल करने की श्रेणी में मिले हैं। कई बार आगाह करने के बाद भी विद्यार्थी परीक्षा हाल में मोबाइल लेकर पहुंच रहे हैं। जबकि बीयू कई बार अधिसूचना जारी कर चुका है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार से मोबाइल ले जाना वर्जित है। मोबाइल बंद की स्थिति में भी नकल के प्रकरण में शामिल किया जाएगा। इसके बाद भी विद्यार्थियों की जेबों से मोबाइल निकल रहे हैं। कुछ विद्यार्थियों के पास मोबाइल से कनेक्ट ब्लूटूथ तक मिला है, जिससे वे प्रश्न बताकर जवाब लिख रहे थे।



**हाटसअप मैसेंज से प्रश्नों के जवाब:** जानकारी के अनुसार, उडनदस्ते के सदस्यों ने स्मार्ट वॉच से नकल करते हुए विद्यार्थियों को तब पक? जब वे उनके व्हाटसअप मैसेंज से प्रश्नों के जवाब लिख रहे थे। इसमें यहां तक कुछ विद्यार्थियों ने एक दो-दो अंक वाले वैकल्पिक प्रश्नों के जवाब एसएमएस में टैक्स के रूप में बना रखे थे। विद्यार्थियों ने स्मार्ट वॉच में छिपी नकल को उडनदस्ते के सदस्यों की नजरों से नहीं छिपा सके। उड़नदस्तों के सदस्यों की पैनी निगाहें उनकी शर्ट की आस्तीन के नीचे स्मार्ट वॉच में छिपी नकल तक पहुंच गई।

# जर्नलिस्ट हेल्थ केयर समिति का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



भोपाल. दोपहर मेट्रो। सोसायटी फॉर जर्नलिस्ट हेल्थ केयर समिति का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर गत दिवस शिवाजी नगर में पं शीतल प्रसाद तिवारी वाचनालय परिसर में हुआ। शिविर के आयोजन में भाजपा नेता एवं अपोलो सेज हास्पिटल के डॉक्टर हितेष वाजपेयी का विशेष सहयोग रहा। समिति के मुताबिक अपोलो सेज हास्पिटल, वार्ड 46 के पार्षद योगेन्द्र गुड्डू चौहान तथा संस्कृति बचाओ मंच के संयोजक चन्द्रशेखर तिवारी के सौजन्य से तीन घंटे इस शिविर में काफी संख्या में पत्रकारों एवं उनके परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने लाभ लिया। पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता पीसी.शर्मा ने भी सपत्नीक पहुंचकर चेकअप कराया। हास्पिटल के हृदय रोग एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ आनंद जाट के नेतृत्व में हास्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा शिविर में पहुंचे पत्रकारों, पत्रकारों के परिजनों और आमजनों के वाइटल चेकअप के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, दांतों की जांच सहित अन्य परीक्षण कर परामर्श दिए गए।

# प्रवचन जीवन में उतारें- विधायक

**हिरदाराम नगर.** सुखसागर उदासीन आश्रम, संतनगर में 19 मई से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया, आश्रम के गद्दीशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन की सानिध्यता में भव्य समापन हुआ। कालपी वृन्दावन के कथावाचक श्री राम-श्याम जी ने अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर सैकड़ों श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथावाचक श्री राम-श्याम जी ने बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण बचपन के गहरे मित्र थे और उन्होंने एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी। सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे, जिनकी पत्नी के आग्रह पर वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से सहायता मांगने द्वारिका पहुंचे। सुदामा के आगमन पर श्रीकृष्ण ने उन्हें तुरंत पहचान लिया और नंगे पैर ही उन्हें लेने के लिए दौड़े। श्रीकृष्ण ने सुदामा का राजसी सम्मान किया, उन्हें अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उनकी सभी परेशानियां दूर कर दीं, उन्हें धन और सम्मान से नवाजा। यह प्रसंग सच्चे मित्र प्रेम और उदारता का प्रतीक है। विधायक रामेश्वर शर्मा कहा कि भागवत कथा में सुने गए प्रवचनों को अपने जीवन में उतारना चाहिए, क्योंकि ईश्वर की प्राप्ति केवल जीवन में इन्हें उतारने से ही होती है। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए विशेष रूप से यह आग्रह किया कि हम अपनी बेटियों को भी कथा व सत्संग में साथ लाएं, जिससे उन्हें सनातन धर्म की जानकारी मिले और समाज में फैल रहे %लव जिहाद% जैसी बुराइयों पर अंकुश लग सके।

**कथा का समापन सुदामा-कृष्ण मित्रता का प्रसंग सुनाया गया**

# सिंधी कढ़ाई 'हुरमुचो' कार्यशाला में पीढ़ियों ने सीखा हुनर

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो। नानक टेकरी स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में 10 दिवसीय सिंधी कढ़ाई ( हुरमुचो ) कार्यशाला का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह कार्यशाला सिंधी संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई, जहाँ नन्हीं बेटियों के साथ-साथ बुजुर्ग माताओं ने भी उत्साहपूर्वक इस पारंपरिक कला को सीखा।

**भविष्य के लिए उम्मीद और आर्थिक सहायता:** कार्यशाला में प्रतिभागियों का उत्साह देखते हुए, पंचायत अध्यक्ष किशोर तनवानी ने हर वर्ष इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, सिंधी सेंट्रल पंचायत सहकारी साख समिति ( मर्यादित ) की ओर से बलदेव खेमानी ने कढ़ाई व्यवसाय में आने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराने और इस व्यवसाय को बढ़ाने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह पहल न केवल कला को जीवित रखेगी, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त भी करेगी।

**प्रतिभा का सम्मान-पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण:** समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूनम तोलानी, महक कुकरेजा और मीनाक्षी दावानी चावला को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यशाला की सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि नन्हीं प्रतिभाओं जैसे पलक चांदवानी, देवांशी चंदनानी और वीरा कुंदवानी के साथ-साथ 86 वर्षीय मोहिनी पंजवानी और 75 वर्षीय लीला रानी लाला जैसी बुजुर्ग माताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया, जो दर्शाता है कि कला सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

**अनुभवों का आदान-प्रदान और समावेशी पहल:** कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा करने के साथ हुई, जिसने सीखने-सिखाने के माहौल को और समृद्ध किया। यह भी उल्लेखनीय रहा कि कार्यशाला में कई गैर-सिंधी भाषी प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया, जो इस पारंपरिक कला की व्यापक अपील को दर्शाता है। इस सफल आयोजन के पीछे सिंधी सेंट्रल पंचायत, भोपाल और सिंधी सेंट्रल पंचायत सहकारी साख समिति ( मर्यादित ) भोपाल का संयुक्त प्रयास था।



**अतिथियों और आयोजकों का सम्मान:** समापन समारोह में सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी, साख सहकारी समिति के अध्यक्ष बलदेव खेमानी, विधायक भगवानदास सबनानी, और पंचायत के मुख्य सलाहकार भगवानदेव ईसरानी ने भी संबोधित किया। विधायक सबनानी ने सिंधी कढ़ाई कला को प्रदेश स्तर पर सिखाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया और भविष्य में शासकीय स्तर पर भी ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन का प्रयास करने की बात कही।

**मेट्रो एंकर**

### साबू रीझवानी की पुण्य तिथि : समाजसेवियों , विशिष्टजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

# सत्य के लिए मौन नहीं, स्पष्टता हो अनिवार्य - लालसाईं

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो। पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री साबूमल रिझवानी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को संतनगर में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान, वेदांत संत लाल साईं जी ने अपने विचारों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जीवन की हर परिस्थिति में व्यक्ति की राय स्पष्ट होनी चाहिए, चाहे वह सहमति हो या असहमति।



**चुप रहना यानी गलत के साथ खड़े होना :** लाल साईं जी ने दादा साबूमल रिझवानी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कहा, मैंने दादा के जीवन से सीखा था कि जब समाज में कोई अन्याय या गलत काम होता था और दादा असहमत होते थे, तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी बात स्पष्ट रूप से कह देते थे। इसीलिए मैं कहता हूँ कि आपकी असहमति खुले शब्दों में व्यक्त होनी चाहिए। अगर आप चुप रहते हैं, मौन साध लेते हैं, तो आपकी यह चुप्पी आपकी सहमति मानी जाएगी, और तब आप भी उसी गलत कार्य के सहयोगी और भागीदार समझे जाएंगे। उन्होंने महाभारत के प्रसिद्ध प्रसंग का उदाहरण देते हुए अपनी बात को और गहराई दी। उन्होंने कहा, ÷जब धृतराष्ट की सभा में द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तब वहाँ पितामह भीष्म और गुरु द्रोणाचार्य जैसे ज्ञानी और धर्म के रक्षक मौजूद थे। उन्हें यह भलीभांति पता था कि यह कार्य अधर्म है, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं कहा, बस मौन रहे। यही मौन उनकी सहमति समझा गया और अंततः वे भी उस पाप के दोष से बच न सके। पितामह को तो तीरों की शैय्या पर अंतिम क्षण तक पीड़ा सहनी पड़ी। अगर हम दादा के जीवन से यह सीख लेते हैं, तो यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**समाज ने किया अपने 'शान' को याद :** इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने दादा साबूमल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे पूज्य सिंधी पंचायत के साथ-साथ पूरे समाज की शान थे। उनकी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता, और समाज उनके बताए सेवा के मार्ग पर जीवन भर चलता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा का आरंभ गीता पाठ और सुखमनी पाठ के साथ हुआ। इस भावपूर्ण कार्यक्रम में हुजूर क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा, दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, और रिझवानी परिवार के सदस्य चंद्रभान रिझवानी, सुरेश रिझवानी व ओमप्रकाश रिझवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें पंचायत महासचिव नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, भरत आसवानी, जेठानंद मंगतानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, राम बंसल, घनश्याम लालवानी, राज मनवानी, सोनू तोमर, लीलाधर पंवार, सुंदर किशनानी, मोहनलाल चंदनानी, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, दिनेश वाधवानी, हीरो हिंदू, अनिल टेकचंदानी, रमेश हिमथानी, महेश गुरबानी, राजू वर्मा, नरेंद्र लालवानी और मोहन लालवानी आदि शामिल थे, जिन्होंने दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के लिए 31 तक पंजीयन

**भोपाल।** मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., भोपाल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह संस्था विशेष रूप से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती है। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टलपर 31 मई 2025 तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में संचालित दो वर्षीय पाठ्यक्रमों में तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट शामिल हैं। वहीं एक वर्षीय पाठ्यक्रमों में फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन ट्रेड संचालित हैं।


उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
कृषि-उद्योग समागम 2025
उन्नत कृषि से
बढ़ती समृद्धि
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
आइए, जुड़िए मध्यप्रदेश की नई कृषि क्रांति से
कृषि-उद्योग
समागम 2025
एवं
खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों का सम्मेलन
26 से 28 मई 2025
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
गरिमामयी उपस्थिति
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
26 मई, 2025 | अपराह्न 12:15 बजे | नरसिंहपुर
मुख्य आकर्षण
मुख्यमंत्री द्वारा हितलाभ वितरण और निवेशकों के साथ संवाद
विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी
नवीन कृषि तकनीकों, यंत्रों एवं ड्रोन्स का प्रदर्शन
सूक्ष्म सिंचाई, संरक्षित खेती और बायो फर्टिलाइज़र की प्रदर्शनी
खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती और मत्स्य पालन एवं पशुपालन का प्रदर्शन
राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी
एफपीओ, निर्यातक, स्टार्ट-अप्स की संगोष्ठी
कृषकों द्वारा किए गए नवाचारों का प्रदर्शन
कृषक सम्मेलन एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D11028/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## संपादकीय

# साख की परवाह जरूरी

हाल में प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज को लेकर इस बार कोर्ट ने सख्त बात कही है। हालांकि संस्था के कामकाज पर कई वर्ष से अंगुलियां उठ रही हैं। यूं तो विपक्षी दलों ने सर्वोच्च न्यायालय में धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत उसकी अतार्किक छापेमारियों पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। विपक्ष लगातार कहता रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के इशारों और बदले की भावना से कार्रवाई करता और लोगों को परेशान करने की नीयत से सीखचों के पीछे डाल देता है। मगर शुरू में अदालत ने ईडी की कार्रवाइयों में दखल देने या उन पर रोक लगाने से इसलिए इनकार कर दिया था कि ऐसे मामले भ्रष्टाचार के अलावा आतंकवादी संगठनों को लाभ पहुंचाने से भी जुड़े हो सकते हैं। मगर फिर देखा गया कि निदेशालय अनुचित तरीके से और अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करते हुए लोगों को गिरफ्तार और उन्हें बेवजह प्रताड़ित कर रहा है, तो अदालत ने उसे मर्यादा का पाठ पढ़ाया था। फिर भी ईडी के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। तब अदालत ने पूछा कि आपके आरोप-पत्रों की तुलना में दोषसिद्धि इतनी कम क्यों है। फिर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त लहजे में उसे निर्देश दिया कि बिना पुख्ता सबूतों के किसी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल नहीं किए जाने चाहिए। मगर उसका भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। अब सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सारी हदें लांघ रहा है। यह संघीय ढांचे का उल्लंघन है। दरअसल, निदेशालय शराब की दुकानों को लाइसेंस जारी करने में अनियमितताओं के आरोप में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम यानी टीएएसएमएसी के खिलाफ धनशोधन की जांच कर रहा था। इस पर टीएएसएमएसी ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। अदालत ने उस जांच पर रोक लगा दी है। यह पहला मौका है, जब सर्वोच्च न्यायालय ने किसी जांच पर ही रोक लगा दी है। वह जांच के बाद आरोपपत्र पर बहस के दौरान निदेशालय की खामियों पर फटकार तो अनेक बार लगा चुका है, पर जांच पर रोक किसी भी जांच एजंसी के लिए बड़ी बात होनी चाहिए। हालांकि इससे भी उस पर कितना असर पड़ेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, जांच एजंसियां सरकार की इच्छाओं के अनुरूप कार्रवाई करती देखी जाने लगी हैं। वे एक तरह से सरकार के लिए अपने विपक्षियों पर शिकंजा कसने का औजार बन चुकी हैं। यह अकारण नहीं है कि ईडी के निदेशक को बार-बार सेवा विस्तार दिया जाता रहा और उस पर भी सर्वोच्च न्यायालय को पूछना पड़ा कि क्या आपको इस पद के लिए कोई और योग्य व्यक्ति नहीं मिल रहा। तथ्य यह है कि ईडी ने पिछले दस-ग्यारह वर्षों में चार हजार से अधिक मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए, मगर उनमें से दोषसिद्धि एक फीसद से भी कम हो पाई है। फिर, ज्यादातर मामले केवल विपक्षी दलों के नेताओं या उन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज हुए, जो सरकार के अनुकूल नहीं थे। कई ऐसे भी मामले हैं, जिनमें माना गया कि चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के मकसद से ईडी की कार्रवाइयां की गईं। दिल्ली व झारखंड के मुख्यमंत्री इसके उदाहरण हैं। कई नेताओं को बिना पुख्ता सबूत के जेल भेज दिया गया और लंबे समय तक उनकी जमानत नहीं होने दी गई। इन प्रकरणों से ईडी, आयकर विभाग और सीबीआइ जैसी जांच एजंसियों की साख बुरी तरह प्रभावित हुई है। ये एजेंसियां जब तक सकारी दबाव से मुक्त होकर स्वायत्त तरीके से काम नहीं करेंगी, तब तक इनकी विश्वसनीयता बहाल नहीं हो सकती मगर यह कब संभव होगा, यह भी कोई नहीं जानता।

# अमेरिका के हस्तक्षेप पर सवाल के साथ कांग्रेसराज में हुई बड़ी जासूसी का जवाब जरुरी

■ आलोक मेहता



पहलगाम में पर्यटकों पर घातक आतंकी हमला करवाने से लेकर ऑपरेशन सिंदूर जारी रहने तक पाकिस्तान लगातार झूठ बोलता रहा है। पाकिस्तान के झूठ उजागर करने के लिए भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला किया । ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा गया है। 59 सांसद । सर्वदलीय टीमों (डेलिगेशन) में बंटे हैं। टीमों के साथ 8 पूर्व राजनयिक भी हैं । विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सांसदों को इस मिशन के लिए भारत सरकार के महत्वपूर्ण मुद्दों की जानकारियां दी । प्रतिनिधि मंडलों में कांग्रेस पार्टी के भी वरिष्ठ नेता - पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद , आनंद शर्मा , संयुक्त राष्ट्र में रहे राजनयिक से नेता बने शशि थरुर भी शामिल हैं । फिर भी राहुल गाँधी , मल्लिकार्जुन खड़गे और जयराम रमेश प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से सिंदूर आपरेशन और सीजफायर पर जवाब मांग रहे हैं । कांग्रेस पार्टी के नेता सिंदूर ऑपरेशन के स्थगन में अमेरिका के हस्तक्षेप के आरोप लगा रहे हैं । जबकि विदेश मंत्री एस जयशंकर कई बार बता चुके हैं कि पाकिस्तान ने अमेरिका सहित कई देशों से सहायता की गुहार लगाई और फिर सीधे भारतीय सेना के कमांडर से सीजफायर का अनुरोध किया। तब ऑपरेशन स्थगित हुआ है । जहाँ तक समर्थन का सवाल है अमेरिका , रुस , यूरोप सहित दुनिया के अधिकांश देशों ने इस समय ही नहीं कई बार आतंकवाद की लड़ाई में भारत का समर्थन व्यक्त किया है । राहुल गाँधी का यह तर्क हास्यास्पद है कि उन देशों ने पाकिस्तान का नाम क्यों नहीं लिया भारत पाकिस्तान के साथ ही तो वर्षों से आतंक के खिलाफ लड़ रहा है। विभिन्न देशों के साथ समझौतों में आतंकवाद से लड़ने के संकल्प का उल्लेख है। इस सप्ताह यूरोप यात्रा में विदेश मंत्री जयशंकर के साथ वार्ताओं के बाद जर्मनी ने पाकिस्तान से आतंक की लड़ाई में भारत का समर्थन व्यक्त किया । वहीँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा कर रखी है कि पाकिस्तान के खिलाफ सिंदूर आपरेशन सिर्फ स्थगित हुआ है , और फिर कोई आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब देंगे । पाकिस्तान कभी भारत से सीधी लड़ाई जीत ही नहीं सकता । भारत परमाणु बम की गीदड़ भभकियों से डरने वाला नहीं है । आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब के लिए समय और तरीका हमारी सेनाएं तय करेंगी और शर्तें भी हमारी होंगी. पाकिस्तान के साथ ना व्यापार होगा और बातचीत होगी तो सिर्फ पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने की ।

जहाँ तक सिंदूर ऑपरेशन के स्थगन में अमेरिकी भूमिका का सवाल है , राहुल गाँधी को अपनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद , आनंद शर्मा से समझ लेना चहिए कि उनके अपने सत्ता काल में अमेरिकी हस्तक्षेप कितना अधिक हुआ था। इंदिरा गाँधी या नरसिंह राव राज में ही नहीं मनमोहन सिंह (सोनिया राहुल गाँधी के बल पर ) राज के दौरान तो हस्तक्षेप की सारी सीमाएं पार हो गई थी । राहुल तब सांसद भी थे , लेकिन शायद उन्हें कुछ समझ नहीं आया या वे अब भूल रहे हैं। हम जैसे पत्रकार ही नहीं देश दुनिया को ध्यान आ जाएगा । मनमोहन सिंह के राज में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के मुखबिर एडवर्ड स्नोडेन द्वारा उपलब्ध कराए गए एक गुप्त दस्तावेज से पता चला कि अमेरिका द्वारा भारत में तथा



वाशिंगटन स्थित भारतीय दुतावास , न्यूयोर्क के संयुक्त राष्ट कार्यालय में की गई 13.5 अरब जानकारियों की जासूसी में से केवल 1 अरब जानकारियां ही आतंकवाद से संबंधित थी ।बाकी गोपनीयता का उल्लंघन था । राष्टीय सुरक्षा एजेंसी के मुखबिर एडवर्ड स्नोडेन द्वारा किए गए इस चौंकाने वाले खुलासे से यह स्पष्ट है कि भारत अमेरिकी एजेंसी द्वारा जासूसी के शीर्ष लक्ष्यों में से एक था। अमेरिका ने अपना बचाव करते हुए कहा कि जासूसी कार्यक्रम वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा है। हालांकि, भारतीयों का मानना है कि इस तरह की जासूसी सिर्फ दुश्मन देशों पर की जाती है। इंटेलिजेंस ब्यूरो और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग दोनों के अधिकारियों ने उन्हीं दिनों बताया था - अमेरिका अच्छी तरह जानता है कि हम आतंकवाद के निर्यातक नहीं हैं। जो डेटा इकट्ठा किया गया उसके अनुसार सिर्फ़ 1 अरब डेटा ही आतंकवाद से जुड़ा था , जबकि बाकी डेटा भारत सरकार की अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां है । इसका मतलब यह है कि एनएसए द्वारा सिर्फ़ भारत की हर गतिविधि पर नज़र रखने का एक तरीका था। अमेरिका ने अपनी खुफिया जानकारी के जरिए भारत में कुछ लोगों को रडार पर रखा और उन पर जासूसी की। अमेरिका द्वारा भारत के बारे में एकत्रित किए गए डेटा का अनुपात बहुत बड़ा है। इसने न केवल वाशिंगटन स्थित दूतावास में जासूसी की है, बल्कि घरेलू राजनीति, परमाणु और अंतरिक्ष कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी एकत्र की है।लगभग 1 अरब ऐसे इंटरसेप्ट हैं (सभी कार्रवाई योग्य नहीं हैं) जिन्हें पकड़ा गया है। इस संख्या में ईमेल, चैट और टेलीफोन पर बातचीत के माध्यम से प्राप्त जानकारी शामिल थी अमेरिका ने गूगल, फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रदाताओं के सर्वरों में सेंध लगाकर भारत के बारे में जानकारी हासिल की ।

यह भंडाफोड़ होने पर पूर्व रॉ प्रमुख सीडी सहाय ने कहा था ÷अमेरिका से सख्त सवाल होना चाहिए। हम इस मामले को दबा कर नहीं रख सकते और हमें अमेरिका से जवाब मांगना चाहिए। भारत को यह जानने की जरूरत है कि किस तरह का डेटा इकट्ठा किया गया है और इसका इस्तेमाल कौन कर रहा है ड़ क्या यह डेटा किसी के साथ साझा किया जा रहा है और अमेरिका इस तरह के डेटा को कब तक अपने पास रखने का प्रस्ताव रखता हैड़÷ सीआईए के ठेकेदार एडवर्ड स्नोडेन ने 2011 से पहले भारत की यात्रा कर चुके थे । सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस रिपोर्ट पर दुनिया भर में हंगामा हो गया , लेनिन मनमोहन सोनिया गाँधी सरकार की ओर से तत्कालीन विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद दवारा कहलवाया गया कि % एक देश दूसरे देश की ऐसी जासूसी होती रहती है । % वाशिंगटन पोस्ट द्वारा प्रकाशित एनएसए लीकर की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी विदेशी खुफिया निगरानी न्यायालय ने 2010 में विदेश में जासूसी के लिए एक व्यापक प्रमाणन को मंजूरी दी थी, जिसमें 193 देशों की सूची शामिल थी। अमेरिकी कंपनियों के माध्यम से संचार को बाधित करने की अनुमति मिल गई । इस सूची में विश्व बैंक समूह और यूरोपीय संघ जैसी बैंकें और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां भी शामिल थीं।भाजपा उन छह राजनीतिक संगठनों में से एक थी, जिन्हें निगरानी के लिए अनुशंसित किया गया था। सूची में मिस्र के मुस्लिम ब्रदरहुड और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल थे।

भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत ने जुलाई 2014 में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को उन रिपोर्टों के संबंध में तलब किया था जिनमें कहा गया था कि अमेरिका ने अपनी राष्टीय सुरक्षा एजेंसी को सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा पर जासूसी करने के लिए अधिकृत किया गया था ।पिछले वर्षों के दौरान भारत ने अपने तंत्र की गोपनीयता की रक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीकी बना ली और विशेषज्ञ भी रखे हैं । लेकिन यह तो तथ्य है कि 5 अप्रैल, 2010 को, अमेरिकी सैनिक चेल्सी मैनिंग द्वारा लीक किया गया और जूलियन असांजे के विकीलीक्स द्वारा प्रकाशित कोलैटरल डैमेज वीडियो एक युगांतकारी घटना थी, जो व्हिसलब्लोअर द्वारा उजागर किए जाने वाले सरकारी और कॉर्पोरेट रहस्यों का सबसे बड़ा और सबसे लगातार ऐतिहासिक अध्याय बन गया है। राहुल गांधी को अपना रिकॉर्ड अवश्य याद रखना चाहिये ।

'जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच रखें, क्योंकि यह आपको सफलता की ओर ले जाती है।'

## आज का इतिहास

- 1894 मैनचेस्टर शिप नहर, नॉर्थवेस्ट इंग्लैंड में ग्रेटर मैनचेस्टर को आयरिश सागर से जोड़ता है, आधिकारिक तौर पर खोला गया, उस समय दुनिया में सबसे बड़ी नहर नहर बन गई।
- 1904 फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन, एसोसिएशन फुटबॉल की शासी निकाय खेल, स्थापना पेरिस था
- 1904 पेरिस में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की स्थापना हुई।
- 1911 मैक्सिकन राष्ट्रपति पोर्फिरियो डिआज़ और क्रांतिकारीफ्रांसिस्को मादेरो ने दोनों पुरुषों की सेनाओं के बीच लड़ाई को समाप्त करने के लिए स्यूदाद जुआरेज़ की संधि पर हस्ताक्षर किए, और इस तरह मैक्सिकन क्रांति के समापन चरण का समापन हुआ।
- 1917 संयुक्त राज्य अमेरिका में 1917 में ग्रेट अटलांटा की आग में 300 एकड़ नष्ट हो गए।
- 1918 अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने महिलाओं को मतदान की अनुमति दी।
- 1924 शिकागो विश्वविद्यालय के छात्र रिचर्ड लोएब और नाथन लियोपोल्ड, जूनियर। एक रोमांचक अपराध में एक 14 साल के लड़के की हत्या करना एक सटीक अपराध की इच्छा करता है।
- 1927 यूनाइटेड किंगडम ने राजा अब्दुल अज़ीज़ की संप्रभुता को 20 मई, 1927 को जेद्दा की संधि पर हस्ताक्षर करके हेजाज़ और नेज्द के राज्यों में मान्यता दी। हज्जाज और नेज्द को 1932 में सऊदी अरब के राज्य में मिला दिया गया था।
- 1927 सेंट लुइस की आत्मा को आत्मसात करते हुए, अमेरिकी एविएटर चार्ल्स लिंडबर्ग ने न्यूयॉर्क सिटी से पेरिस - ले बोरगेट एयरपोर्ट के पास पहली एकल नॉन-स्टॉप ट्रान्साटलांटिक उड़ान, फ्लाइंगफ्रॉम रूजवेल्ट फील्ड को पूरा किया।

## निशाना

### रहना है विवादित !



-कृष्णेन्द्र राय

रह रह कर जिह्वा से ।
आते हैं बयान ।।
रहना है विवादित ।
इसी में सम्मान ।।
छोड़ कर सब काम ।
किए एजेंडा तय ।।
पकड़ लिए हैं अपनी ।
जो पुरानी लय ।।
है नज़दीक चुनाव ।
चर्चा में अब रहना ।।
बोल कर कुछ बोल ।
है आगे टहलना ।।
रोटी पानी बनी रहे ।
है उसका जुगाड़ ।।
हल्की फुल्की इसलिए ।
दिखती ये दहाड़ ।।

# सुरक्षा में रणनीतिक गेम चेंजर बनी ब्रह्मोस

■ एयर मार्शल अमित तिवारी (अ.प्रा.)

महायुद्ध के दौरान वायु सेना के महारथी कहा करते थे कि हवाई ताकत स्वाभाविक रूप से आक्रामक होती है और इसको अपना काम करने की पूरी छूट होनी चाहिए, जीत के लिए हवाई युद्ध में श्रेष्ठता होना आवश्यक है; बमवर्षक दुश्मन की रक्षा में सेंध लगा देते हैं और इसके बाद रणनीतिक बमबारी के जरिए उसकी इच्छाशक्ति को तोड़ा जा सकता है। हालिया सैन्य कार्रवाई में, भारतीय वायु सेना द्वारा हवा से प्रक्षेपित ब्रह्मोस का समायोजन सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से करने की सार्थकता फिर पुष्टि करती है कि यह सिद्धांत अभी भी उतना ही सही है, जिसकी वजह से पाकिस्तान युद्ध विराम का अनुरोध करने को मजबूर हुआ।1983 में, भारत सरकार ने एकीकृत गाइडेड मिसाइल विकास कार्यक्रम का गठन किया। शुरुआत में यह बैलिस्टिक मिसाइलों पर केंद्रित था। लेकिन 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान इराकी वायु रक्षा प्रणालियों पर अमेरिकी युद्धपोतों और हवाई जहाजों से प्रक्षेपित टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों के विनाशकारी प्रभाव ने भारत को इसका दायरा बढ़ाने को प्रेरित किया। साल 1998 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अपने रूसी समकक्ष के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस संयुक्त उद्यम की स्थापना की गई। साल 2001 में ब्रह्मोस का पहला टैस्ट लॉन्च किया गया।

ब्रह्मोस एक दो-चरणीय क्रूज मिसाइल है, जिसके प्रथम चरण प्रकोष्ठ में एक ठोस प्रोपैलेंट बूस्टर भरा रहता है, जो मिसाइल को सुपरसोनिक (आवाज की गति) बना देता है। अपना काम पूरा करने के बाद, इस प्रकोष्ठ के अलग होने के उपरांत, आगे की उड़ान एक तरल-ईंधन चालित रैमजेट इंजन से होती है। जो इसे मैक-3 (ध्वनि की गति से तीन गुणा) जितनी क्रूज़िंग रफ्तार प्रदान करता है। यह मिसाइल 15 किमी की ऊंचाई लेकर महज 10 मीटर के बीच उड़ान भर सकती है और इसकी कार्य सीमा 300-800 किमी तक हो सकती है। यह 200-300 किलोग्राम तक का पारंपरिक वारहेड (विस्फोटक) ले जा सकती है और 'फायर-एंड-फॉरगेट' सिद्धांत पर काम करती है। दागे जाने के बाद, यह इनर्शियल नेविगेशन, उपग्रहीय मार्गदर्शन और इलाके की भूगोलीय रूपरेखा के मिलान का उपयोग करके अपने लक्ष्य तक स्वायत्त रूप से पहुंचती है, और एक मीटर से भी कम की सटीकता से वार करने में समर्थ है। हवा-से-सतह पर मार करने वाला इसका संस्करण 2017 में बना और इसे 2020 में स्क्वाड्रन 222, टाइगर शार्क्स में शामिल किया गया था। ब्रह्मोस को इसकी परम गति, सटीकता और गतिज प्रभाव सबसे घातक पारंपरिक क्रूज मिसाइलों में से एक बनाती है। ब्रह्मोस की गति से बनने वाले सीधे प्रबलित प्रहार का आघात गहरे बंकरों, युद्धपोतों या कमांड सेंटर तक को नष्ट कर सकता है। इसकी गतिज यानी काईनैटिक ऊर्जा अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल से 32 गुना अधिक है। जैसे-जैसे थल आधारित वायु रक्षा प्रणालियां अधिक सटीक एवं घातक होती जा रही, हवाई माध्यम (लड़ाकू विमान) को अपने काम को अंजाम देने में जो स्वतंत्रता पहले कभी हासिल थी, वह कम होती जा रही है। यूक्रेन-रूस युद्ध इसका जीवंत उदाहरण है। शुरुआती चरणों में अपने-अपने विमान बेड़े का भारी नुकसान उठाने के बाद, दोनों पक्षों ने युद्धग्रस्त क्षेत्रों में उड़ान भरने से परहेज करने और लंबी दूरी के हवाई हथियारों पर भरोसा करना शुरू किया।



यही तरीका हालिया भारत-पाक टकराव में देखने को मिला। न तो भारतीय और न ही पाकिस्तानी लड़ाकू विमान एक-दूसरे देश की वायु सीमा में दाखिल हुए। पाकिस्तानी हमलों में ज्यादा निर्भरता तुर्किये निर्मित ड्रोनों पर रही, जिनमें अधिकांश मार गिराये गये। पाकिस्तान ने 'फतह' नामक बैलेस्टिक मिसाइल का भी उपयोग किया। इन बैलिस्टिक मिसाइलों का राडार क्रॉस-सेक्शन मार्क अधिक होता है और वे एक पूर्वानुमानित लीक, उच्च-ऊंचाई वाले परवलयिक प्रक्षेप पथ (हाई आल्टीट्यूड पैराबॉलिक ट्रैजेक्ट्री) का अनुसरण करती हैं। यह उनकी कमजोरी भी बन जाता है, जिसका आकलन करके, उन्हें हवा में ही नष्ट करना आसान हो जाता है। निश्चित रूप से, भारत ने तमाम हमलावर मिसाइलों को मार गिराया। इसके विपरीत, भारत ने एकदम सटीकता के साथ लक्ष्यों को नष्ट करने की क्षमता रखने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों को सुखोई एमकेआई-30 से छोड़ा। हालांकि विस्तृत परिणाम गोपनीय ही रहेंगे, लेकिन इनकी मार का असर निर्विवाद है। इन मिसाइलों ने सटीक हमले के मकसद हासिल करते हुए, पायलटों के लिए न्यूनतम जोखिम सुनिश्चित किया। कम ऊंचाई पर उड़ने की अपनी क्षमता, सुपरसोनिक क्रूज प्रोफ़ाइल के कारण, ब्रह्मोस को मौजूदा वायु रक्षा प्रणालियों के साथ रोक पाना लगभग असंभव है।

भारतीय वैज्ञानिक पहले से ही भविष्य के अधिक घातक संस्करण, ब्रह्मोस-एनजी (नेक्स्ट जेनरेशन) विकसित करने में लगे हैं। यह छोटी और हल्की होंगी और तेजस, मिराज़ और राफेल जैसे विमानों से छोड़ी जा सकेंगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह करते वक्त गति, दायरा, मारक क्षमता या चुपके से मार करने की विशेषता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार से लैस करने से इनकी सटीकता और बढ़ जाएगी। ठीक इसके साथ, रूसी जिरकोन मिसाइल से प्रेरित, ब्रह्मोस-द्धद्ध के रूप में एक हाइपरसोनिक संस्करण विकसित किया जा रहा है। इसमें स्क्रैमजेट इंजन लगा होगा, जिससे गति 8 मैक से अधिक और रेंज 1,500 किमी से अधिक हो जाएगी। इसे रोकना असंभव होगा। यह मिसाइल सच में गेम चेंजर हो सकती है।

किसी देश के रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाने में हथियारों का निर्यात महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला फिलीपींस 2022 में इसका पहला ग्राहक बना। वियतनाम और इंडोनेशिया ने भी दिलचस्पी दिखाई है। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति से बनती चिंताओं के आलोक में, आसियान देशों द्वारा ब्रह्मोस खरीदना उनकी क्षेत्रीय प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान कर सकता है। इस विशिष्ट बाजार में भारत के प्रवेश से एशियाभर में इसके सामरिक और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।

ब्रह्मोस की सफलता 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा देने वाले सरकार के प्रयासों का एक उदाहरण है। इस मिसाइल में 70 प्रतिशत से अधिक कल-पुर्जे भारत निर्मित हैं। इसकी सफलता से डीआरडीओ, भारतीय उद्योगों और शिक्षाविदों के बीच सहयोग और नवाचार को बढ़ावा मिलने की संभावना है। ब्रह्मोस की सफलता युद्ध के मैदान की बदलती प्रकृति का प्रमाण है, जो अब रणनीति आधारित योजना से बदलकर तकनीकी रूप से संचालित युद्धक तौर-तरीकों की ओर बढ़ रही है, विशेष रूप से क्रूज मिसाइलों जैसे सटीक-निर्देशित हथियारों का उदय। सुरक्षा परिदृश्य में ब्रह्मोस एक सामरिक संपदा और रणनीतिक गेम-चेंजर बनने जा रही है।

*साभार- लेखक भारतीय वायुसेना में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे हैं।*

### जंगलिया आश्रम पर चल रहा गणपति लक्ष्मी यज्ञ

# कथा व्यास पंडित केशव गुरुजी बताई शिव महापुराण में महादेव की महिमा




**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

श्री गणेश धाम डायला में जंगलिया आश्रम पर भगवान गणपति की 21 फिट की खड़ी प्रतिमा की प्रतिष्ठा समारोह में 11 कुंडात्मक गणपति लक्ष्मी यज्ञ संपन्न हो रहा है। जिसकी कलश यात्रा राघवेंद्र स्थान डॉहला ग्राम से जंगलिया आश्रम के लिए निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्राम डाहला, मडिया,देरखी, रतन खेड़ी, सोटीया, गजनई, पड़रई चक, मडिया, दाखली, पवई तथा समीपस्त ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर माताएं बहाने सिर पर कलश धारण करके दो किलोमीटर तक यात्रा के द्वारा जंगलिया आश्रम पहुंची जहां पर विधि विधान से कलशों का पूजन यज्ञ के प्रधान यजवान देवेंद्र रघुवंशी गणपति प्रतिष्ठा के प्रधान हेमंत दुबे ने महंत हनुमान दास जी के सानिध्य में पूजन संपन्न किया इस मौके पर शिव महापुराण का भी आयोजन प्रारंभ हुआ। कथा व्यास पं. केशव गुरु जी ने शिव महापुराण की महत्ता के विषय में बताया शिव आत्म तत्व है जब तक हृदय में आत्मा उपस्थित रहती है तभी तक मनुष्य चेतन होता है शिव तत्व के बाहर होते ही शरीर को शव कहा जाने लगता है शिव अनादि देवता हैं शास्त्रों में शिव को ब्रह्म स्वरूप कहा गया है जब तक परमात्मा की सत्ता शब्द तक है अव्यक्त निराकार है तब उसको ब्रह्म कहा जाता है यही ब्रह्म शक्ति शिव का स्वरूप है आगे कथा में आयोजन समिति ने बताया यज्ञ कथा का आयोजन जंगलिया आश्रम पर यज्ञ प्रतिदिन 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगा एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक शिव पुराण कथा पर प्रवचन होगा समिति ने अधिक से अधिक लोगों को सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### रेलवे के अधिकारियों की अनदेखी, यात्री सरेआम उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

### रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर यात्री कर रहे ट्रेन का इंतजार

# लापरवाही ऐसी की मौत का भी डर नहीं

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों की अनदेखी के चलते यात्रियों द्वारा रेलवे के नियमों की खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसके बाद भीं रेलवे के अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं जा रही है। रेलवे स्टेशन पर बार बार ध्वनि के माध्यम से यात्रियों को चेतावनी भी दी जाती है कि पैदल पुल का उपयोग करें पटरियों को पार न करें और रेलवे के नियमों का पालन करें लेकिन इन सबको नजर अंदाज करते हुए यात्रियों द्वारा नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। कहीं रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर ट्रेनों का इंतजार कर रहे है तो कहीं ट्रेन को जल्दी पकड़ने के चलते दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पैदल पुल का उपयोग न करके सीधा रेलवे ट्रैक पर दौड़ लगाकर ट्रेनों को पकड़ रहे है। लेकिन इनको रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। जिसके कारण अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कई बार तो पटरी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से यात्री अपनी जान तक गंवा चुके है। फिर भी यात्री जल्दबाजी में जान जोखिम डाल रहे हैं। इसके बाद भी न तो रेलयात्री रेलवे के नियमों का पालन करते है और न ही रेलवे के अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई की जाती है। स्टेशन पर यात्रियों द्वारा सरेआम रेलवे के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही ट्रेन से उतरने वाले यात्री पैदल पुल से न जाकर समय बचाने के चलते सीधे पटरियों पर दौड़ लगाकर पटरी पर करते है।



#### रेलवे ट्रैक पर ट्रेन का इंतजार

स्टेशन पर जब यात्रियों ज्यादा भीड़ होती है तो ट्रेन के डिब्बे में बैठने के लिए जल्दबाजी में यात्री प्लेटफार्म के दूसरे तरफ ट्रैक पर खड़े हो जाते है। जो रेलवे ट्रैक पर दूर तक खड़े नजर आते है। सबसे सबसे ज्यादा भीड़ मेमो पैसेंजर के समय होती है जब सैकड़ों यात्री ट्रेन में चढ़ते और उतरते है उस समय दूसरी ओर ट्रैक पर यात्रियों की ज्यादा भीड़ रहती है रेलवे के अधिकारियों को ऐसे यात्रियों पर कार्रवाई करना चाहिए। जिससे ट्रैक पर कोई अप्रिय घटना न हो।

#### रेलवे नियमों का उल्लंघन करने पर 6 माह की जेल 1000 रुपए का जुर्माना

जल्दीबाजी के चक्कर में अक्सर लोग जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करते हैं. बहुत कम लोगों को पता होगा कि इस तरह से रेलवे ट्रैक पार करना कानून जुर्म की श्रेणी में आता है. रेलवे प्रशासन यात्रियों और आम जनता से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और रेलवे ट्रैक पार करने की खतरनाक प्रवृत्ति से बचें. रेलवे ट्रैक पार करना न केवल आपकी जान को जोखिम में डालता है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है. जिसमें 6 माह तक की जेल या 1 हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं. रेलवे सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है। रेलवे नागरिकों से अनुरोध करता है कि आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है. कृपया नियमों का पालन करें. रेलवे ट्रैक पार करने की गलती न करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

# जन्मदिन के उपलक्ष्य में रेल यात्रियों को शीतल जल के साथ फल वितरित किए

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

गत दिवस भारत विकास परिषद के तत्वाधान में स्थानीय रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक-2 पर रेल यात्रियों को शीतल जल के साथ-साथ फल वितरण किया गया।

भारत विकास परिषद के सक्रिय सदस्य अनुपम शर्मा द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में साई सेवा समिति के माध्यम से शीतल जल सेवा की जाकर मौसमी फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रांतीय पदाधिकारी डी एस दांगी, समिति अध्यक्ष श्रीमति वंदना शर्मा, वरिष्ठ सदस्य श्रीमती दुर्गा भदौरिया, श्रीमती अमर ज्योति भदौरिया, श्रीमती माया अग्रवाल, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, समिति के पर्यावरण प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, पप्पू भदौरिया, राकेश चौहान, भरत भदौरिया, नलिन पटेल, हरिओम गौर, रेलवे बुकिंग अधिकारी के साथ-साथ रेलवे के सेवा निवृत कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे। समिति द्वारा नव निर्मित रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण के लिए फूलों के गमले स्थापित किए गए। साई जल सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य नलिन पटेल द्वारा सभी का आभार मानकर दिनांक 15/6/25 को जल सेवा समिति के सेवा कार्य समापन अवसर पर सभी समिति सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया।



### अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने चलाया स्वच्छता अभियान

# शहर की पहचान नर्मदा और उनके घाट : जैन

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

हमारे शहर की पहचान मां नर्मदा और उनके घाटों से होती है । घाट स्वच्छ और साफ रहेंगे तो हम यहां पर शांत मन से बैठे रहेंगे । वहीं मां नर्मदा का किनारा होने के कारण हमारे शहर में पानी की कोई कमी नहीं होती । हमें मां नर्मदा के घाटों को साफ और स्वच्छ रखना है। इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है । यह बात रविवार को चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चलाए स्वच्छता अभियान में अधिकारी अमित जैन जिला सहकारी बैंक ने कही । उन्होंने कहा कि शहर की सफाई करना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए और सभी का इसमें सहयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान चित्रगुप्त घाट पर चलाए जा रहा है यह बड़ा पुण्य कार्य है। समाज की पहल अनुकरणीय है। इस मौके पर? राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव,राजेंद्र जानोरिया शाखा प्रबंधक,नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, केशव वर्मा, सी बी खरे, अशोक वर्मा, लालता प्रसाद, आदित्य, ज्योति वर्मा, श्रीमती ऊषा वर्मा, प्रीति खरे, शमंजू श्रीवास्तव, ऊषा वर्मा, शीतल श्रीवास्तव, सारिका सक्सेना, रश्मि सक्सेना, जानकी,



विधी सक्सेना, आर्या श्रीवास्तव अदिति वर्मा आदि शामिल थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि नर्मदा हम सबकी मां है । हम सभी का कर्तव्य है कि हम घाटों को साफ सुथरा रखें।

# चौरिया कुर्मी समाज 29 जून को होनहार विद्यार्थियों को करेगा सम्मानित

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

चौरिया कुर्मी समाज महासंघ की बैठक रविवार को इटारसी शहर के रिजॉर्ट में आयोजित की गई। महासंघ द्वारा लगातार दूसरे वर्ष प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 29 जून को होने वाले समारोह में 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खेलकूद में उपलब्धि हासिल करने वालों और सैनिकों को भी सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने अपने सुझाव रखे। बैठक में प्रदेश महासंघ के अध्यक्ष नवीन पटेल, प्रदेश सचिव गिरधारी चौरे, आरके चौरे, बी के पटेल, विनोद बिहारी पटेल, कुंज बिहारी पटेल और एस के पटेल समेत कई



गणमान्य लोग उपस्थित थे। इनके अलावा विनोद बिहारी पटेल, कुंज बिहारी पटेल, एस के पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, धर्मेंद्र साधुराम, बृजमोहन चौरे, एस आर पटेल, गजराज चौरे, भूरेलाल चौधरी, अनिल चौरे, चंद्रकांत चौरे, जे एल चोरे, मोहन झलिया, बलराम चौरे, रामनारायण पटेल, बनवारी लाल चौरे, ओपी पटेल, संतोष पटेल, रामगोपाल चौधरी, किशन चौरे, राजेंद्र अरक्का, बलराम किशोर मुकेश चौधरी आदि मौजूद थे ?।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कर ग्राम भरलाय के तालाब की सफाई की

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद तथा रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी ने ग्राम भरलाय के तालाब पर श्रमदान किया। इस दौरान तालाब के किनारे स्थित मंदिर परिसर की साफ सफाई की। तालाब में लगे हुए कांटेदार झाड़ियां को काटकर साफ किया, सिंगल यूज़ प्लास्टिक अन्य कचरे को एकत्रित करके तालाब से बाहर निकाला। श्रमदान कार्य में शामिल ग्रामीणों को अपने गांव तथा गांव के सभी जल स्रोतों को स्वच्छ रखने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने, साफ सफाई बनाए रखने की शपथ दिलाई, स्वच्छता का महत्व बताया। विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा ने कहा कि तालाब के स्वच्छ होने से बीमारियां नहीं पनपेगी, गांव का जल स्तर बेहतर रहेगा जिससे पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा, पशुओं के पीने की पानी की व्यवस्था रहेगी। इसलिए तालाब को साफ स्वच्छ बनाए रखें और वर्षा जल का संचय करें। इस दौरान पूर्व सरपंच तरुण पटेल, परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई, ग्रामीण महेश लौवंशी, संतोष निशानियां, रामसेवक साध, संजय निशानियां, विवेक मोहे, गोविंद लौवंशी, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी एवं रिलाएबल सोसायटी के सदस्यों में आशीष दिसोरिया, निशा मोहनिया, शानू लौवंशी, सविता साहू, हरिशंकर लौवंशी, काजल रघुवंशी, स्वाति यदुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**मेट्रो एंकर** अनुकूल माहौल में वंशवृद्धि : चिंकारा हिरण व नीलगाय जैसे वन्यजीवों का पर्याप्त आहार बड़ा एरिया और प्राकृतिक जलस्त्रोत

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 7 साल में 11 गुना हो गए टाइगर

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

बुंदेलखंड के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (पुराना नौरादेही अभयारण्य) में बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। बाघों की संख्या 7 साल में 11 गुना हो गई है। इनमें 65 से 70 फीसदी संख्या बाधिनों की है। बाधिन एक बार में 3-4 शावकों को जन्म देती है। यदि 2 भी जीवित रहे तो अच्छी खासी संख्या होगी। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगले 5 साल में यहां बाघों की संख्या 50 तक पहुंचने की उम्मीद है टाइगर रिजर्व में बाघों की वंशवृद्धि के लिए यहां की आवोहवा और अनुकूल माहौल बड़ी वजह है। क्षेत्रफल में प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। आहार के लिए शाकाहारी वन्य जीवों की पर्याप्त संख्या और प्यास बुझाने के लिए यहां प्राकृतिक जल स्त्रोत हैं। 25 दिन पहले टाइगर रिजर्व में बाघिन एन-112 के साथ 4 शावक कैमरे में कैद हुए थे। ये सभी तंदुरुस्त हैं। टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद बाघ वंशवृद्धि का यह पहला अवसर है जून 2023 में प्रदेश के सातवें और बुंदेलखंड के दूसरे टाइगर रिजर्व को नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी मिली थी। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दमोह सागर नरसिंहपुर जिले का कोर एरिया शामिल किया गया है। 2018 बाघ शिफ्टिंग प्रोजेक्ट के तहत बाघ-बाघिन लाए जाने के कुछ साल बाद यहां कुछ बाहरी बाघ आकर बस गए। टेरेटरी को लेकर बाघों के बीच संघर्ष हुआ। यहां 20 से 25 तेंदुओं के अलावा चिंकारा, हिरण, नीलगाय, सियार, भेड़िया, लकड़बग्घा, भालू, मगरमच्छ, सांभर, मोर, चीतल व अन्य वन्य जीव भी हैं



#### बाधिन राधा बनी मदर ऑफ दुर्गावती टाइगर रिजर्व

टाइगर रिजर्व की पहली बाघिन राधा की बेटियों से बाघों का कुनबा बढ़ रहा है। एक बार में 4-4 शावकों को जन्म दिया। बाघिन राधा की पहली संतान ने दोबारा 4 बच्चों को जन्म दिया है। बाघिन राधा ने पहली बार नौरादेही में 2019 में तीन शावकों को जन्म दिया था। जिनमें दो मादा और एक नर था। दोनों बेटियों से वंशवृद्धि हो रही है। इसलिए राधा को मदर ऑफ दुर्गावती टाइगर रिजर्व कहा जाने लगा है। डेढ़ साल पहले नौरादेही के पहले बाघ किशन एन-2 की एक बाहरी बाघ से संघर्ष में मौत हो गई थी



#### शावक गणना में शामिल नहीं

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि बाघिन एन-112 अपने चार शावकों के साथ नजर आ रही है। उसने पहले जिन 4 शावकों को जन्म दिया था उनके साथ वह 2 साल तक रही। शावक बड़े होकर उससे अलग हुए तो फिर से गर्भवती हो गई। अंसारी ने कहा शावकों को गणना में शामिल नहीं किया जाता, लेकिन अब बाघों की संख्या 23 हो गई है

#### बाघ दिखेंगे तो टूरिज्म बढ़ेगा

बाघों की संख्या बढ़ने के बाद यहां टूरिज्म की भी काफी संभावनाएं हैं। पर्यटकों को बाघ दिखेंगे तो यहां आने वालों की तादाद भी बढ़ेगी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन को पर्यटकों के लिए कुछ सुविधाएं बढ़ानी होंगी। आसपास स्टे होम्स, सफारी वाहन और हवाई सेवा की सुविधा मिले तो यहां देश-विदेश से टूरिस्ट आएंगे

#### अगले 4-5 साल में ही 50 बाघ गिने जा सकते हैं

पुराना नौरादेही और वर्तमान वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों के रहवास के लिए काफी अनुकूल माहौल है। गांवों के विस्थापन से यहां वन्य प्राणियों के लिए खुला और शांत वातावरण मिला है। आहार के लिए शाकाहारी जीवों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां पहले जो चीतल छोड़े गए थे उनसे वंशवृद्धि के कारण इनकी अच्छी खासी तादाद है। बाघों को यहां सभी तरह का परिवेश मिल रहा है। अगले 4-5 साल में ही यहां बाघों की संख्या 50 तक पहुंच सकती है

**- सेवाराम मलिक,**
रिटायर एसडीओ नौरादेही

# यातायात पुलिस का चैकिंग अभियान: नियमों का पालन न करने वालों के काटे चालान, 6900 वसूले

**स्कूली एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस सिरोंज द्वारा चलाया गया अभियान**





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बेस्ट अधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रविवार को यातायात विभाग के नियम की अनदेखी करने पर यातायात सूबेदार रितेश वाघेला ने पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में सभी वाहनों की जांच पड़ताल की दस्तावेज तथा लापरवाही मिलने पर की 16 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 6900 रूपए सम्मान शुल्क के रूप में वसूले साथ ही चालकों को आगे से यातायात विभाग के नियमों के पालन की समझाइश दी गई।

एसपी,एसपी एसडीओपी के निर्देश पर इन दिनों विशेष अभियान प्रारंभ किया जिसमें स्कूली एवं यात्री वाहनों की जांच की जा रही है। इसमें लगभग 40-45 स्कूली एवं यात्री बसों की सघन जांच की जांच के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता, सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा ओवरलोडिंग जैसी गंभीर कमियाँ पाई मिलने पर कुल 16 वाहनों पर कार्रवाई के तहत कुल 6900/- का शमन शुल्क वसूलते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई एवं सभी वाहन चालको को हिदायत दी गई कि वह वाहन संबंधी कागजात रजिस्ट्रेशन लाइसेंस बीमा फिटनेस परमिट पीयूसी इत्यादि पूर्ण रखे, ओवरलोड सवारी न बैठाए, वाहन चलाते समय शराब का सेवन या मोबाइल पर बात ना करें, वाहन तेज गति में न चलाए, वाहन में इमर्जेंसी विंडो, मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन यंत्र सही हो, वाहन के ब्रेक सही काम कर रहे हो इत्यादि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया । श्री वाघेला ने बताया कि इसका उद्देश्य जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना एवं जनहानि को न्यूनतम करना है आगे भी इसी तरह के अभियान चला कर वाहन चालकों को जागरूक करेंगे

### कहीं भी खड़ा कर देते हैं बड़े वाहन आम जनता परेशान

यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कहीं यात्री बस चालकों के द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए इन बसों को कहीं भी रोक कर सवारी उतारने का काम किया जाता है इस के चलते यातायात बाधित होता है इसी तरह बड़े वाहनों के द्वारा ओवरलोडिंग के साथ बीच सड़क पर वाहनों को खड़ा करके रेत से लेकर इनका सामान खाली करने कार्य घंटे किया जाता है। इसके कारण सड़क पर जाम भी लग जाता है।इनकी जानकारी होने के बाद भी पुलिस के द्वारा ऐसा करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है । इन वाहन चालकों की मनमर्जी के कारण आम जनता जरूर परेशान हो रही है । यातायात नियम का पालन नहीं करने वाले इन वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए जिससे की जनता को असुविधा का सामना न करना पड़े ।

## विदिशा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# जल गंगा संसाधन अभियान से उद्यानिकी कार्यशाला में अवगत हुए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा उद्यानिकी विभाग के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें जल गंगा संवर्धन अभियान की निहित बिंदुओं पर गहन प्रकाश डाला गया और जल संचय के प्रबंधों का अधिकार से निर्माण कराने पर सहमति जताई गई है।

प्रशिक्षण केन्द्र पीएनबी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य व कृषि समिति के सभापति धनराज दांगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि खेती किसानी में भी जल का अधिक से अधिक सदोपयोगकर हम जलस्तर को गिरने से बचा सकते हैं। उन्होंने शासन के महत्व पूर्ण जल गंगा संवर्धन अभियान को रेखांकित करते हुए कहा कि जल की उपलब्धता ही मानव विकास का घोतक है अतः हम सबका





खासकर किसान भाइयों का यह नैतिक दायित्व है कि शासन द्वारा संचालित इस अभियान का अधिकार से अधिक हर स्तर पर जल संचय के प्रबंध सुनिश्चित करें। उद्यानिकी विभाग के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक श्री के एस खपेड़िया ,कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार गर्ग एवं उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक उद्यान जी.गिरवाल ने संबोधित किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पानी की बचत कैसे की जाए इसके लिए सूक्ष्म सिंचाई में ड्रिप व स्प्रिंकलर का प्रयोग कर किसान भाई कम पानी से भी अधिक क्षेत्र में सिंचाई कर सकते हैं।राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ विभाग के माध्यम से ले कर उद्यानिकी फसलों की और अपना रुझान बढ़ाए और कम भूमि से अधिक आय प्राप्त करे। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री जी गिरवाल ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषक को दी गई। और सूक्ष्म सिंचाई में पर ड्रॉप मोर क्रॉप का प्रयोग कर कैसे पानी की बचत करे ! सूक्ष्म सिंचाई के प्रयोग करने से 60 -70 प्रतिशत पानी की बचत की जा सकती है साथ ही उत्पादन में वृद्धि होती है ड्रिप सिंचाई के द्वारा एक साथ घुलनशील पोषक तत्वों को सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जाता है,समय व श्रम की बचत होती है और खरपतवार की समस्या भी कम होती। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद कुमार गर्ग ने उद्यानिकी फसलों में लगने वाले कीटों व बीमारियों को कैसे नियंत्रण करें इनके बारे में किसानों को जानकारी दी गई । और किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तृत से जानकारी प्रदान की गई उपसंचालक कृषि श्री के एस खपेड़िया ने परंपरागत कृषि फसलों के साथ साथ उद्यानिकी फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया कृषि और उद्यानिकी फसलो को उन्नत तकनीकी से करने की सलाह दी गई !

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस तैयारियों संबंधी बैठक आज



**सिरोंज।** विदिशा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के परिपेक्ष्य में की जाने वाली तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्धेश्य से एक बैठक आज सोमवार दोपहर तीन बजे से जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई है। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक एवं जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष जिले में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन एक जून से 26 जून तक आयोजित किए जाएंगे। लगभग एक माह तक चलने वाले उक्त कार्यक्रम के लिए अंतिम स्वरूप देने के उद्धेश्य से आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, महाविद्यालयो के प्राचार्य, जिला खेल अधिकारी, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक, अध्यक्ष क्रमशः लायंस क्लब, रोटरी क्लब, रेडक्रास सोसायटी, अजन्ता ललित कला समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता श्री संजीव जैन, गायत्री परिवार के अध्यक्ष ओर ब्रहमकुमारी सपना बहन प्रजापति तथा मॉ शीतला ह्यूमन डेव्हलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष को बैठक में सम्मिलित होने हेतु सूचना सम्प्रेषित की गई है।

# जेल बनाए गए आधार कार्ड



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर बंदियों के आधार कार्ड बनाए जाने हेतु जिला जेल में विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए गए और कैदियों को इस नवीन व्यवस्था का लाभ दिलाया जा रहा है। विदिशा जिला जेल के अधीक्षक श्री पीड़ी श्रीवास्तव ने बताया कि आज लोक सेवा के जिला प्रबंधक के माध्यम से जेल परिसर में आधार मशीन लगाई गई थी । मौके पर 30 कैदियों के आधार कार्ड बनाने की समुचित कार्यवाही पूरी की गई है।

# देवपुर में चला रहे 121 कुण्डात्मक श्री महालक्ष्मी महायज्ञ, परिक्रमा लगने भक्तों लग रही है भीड़



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर में क्षत्रिय दांगी समाज द्वारा 121 कुण्डात्मक विशाल श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ का अयोजन हो रहा है। यज्ञशाला की प्रक्रिया करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। यज्ञ में वैदिक मंत्रों चरणों के साथ आहुतियां छोड़ी जा रही है इधर कथा का आयोजन भी हो रही है। उसको सुनने के लिए भी बड़ी संख्या में आसपास से लोग पहुंच रहे इस समय पूरा देव पुरा क्षेत्र भक्ति में नजर आ रहा है। 27 को पूर्ण आहुति के साथ समापन होगा।

**मेट्रो एंकर** सीएम हाउस कार्यालय की सी और डी स्तर की मानिटरिंग

# लंबित आवेदनों के निराकरणों पर विशेष ध्यान दें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के समस्त विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभागीय लंबित सभी आवेदनो के निराकरणो पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले आवेदनो का समय सीमा में निराकरण कर जिला कार्यालय को भी निराकरण की जानकारियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

गौरतलब हो कि जिले में सीएम हाउस कार्यालय की सी और डी स्तर की मानिटरिंग के कुल 179 आवेदन लंबित है। इसी प्रकार प्रभारी मंत्री कार्यालय से प्राप्त 32 आवेदन, विदिशा सांसद कार्यालय के 48 और विधायक कार्यालयों से प्राप्त 17 आवेदन, जबकि जनसुनवाई कार्यक्रम के 1206 आवेदन लंबित



हैं इन सभी आवेदनो का निराकरण विभागो के अधिकारियों को शीघ्रतिशीघ्र संपादित कराने के निर्देश प्रसारित किए गए है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी संतोष बिटौलिया ने बताया कि विभागो के लंबित आवेदनों की जानकारियां उपलब्ध कराई जा चुकी है अतः निराकरण के क्षेत्र में जिला पिछडे ना इसके लिए उल्लेखित इन आवेदनों का निराकरण समयावधि में निराकरण कराएं।

### जिले में आज 4.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिरोंज।** विदिशा जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर रविवार 25 मई की प्रातः आठ बजे 4.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि सर्वाधिक वर्षा सिरोंज में 25 मिमी, और सबसे कम गुलाबगंज में एक मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा पठारी में आठ मिमी और विदिशा एवं ग्यारसपुर तहसील में क्रमशः चार-चार मिमी वर्षा दर्ज हुई है शेष अन्य तहसीलो में वर्षा नगण्य रहीं।



### देर रात नजीराबाद थाना क्षेत्र का मामला

# नर्मदा स्नान के लिए जा रहे परिवार की कार बांस अड़ाकर रोकी, जमकर मारपीट

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**नजीराबाद थाना क्षेत्र के आमलिया गांव के पास आधी रात को बदमाशों ने बांस लगाकर एक आर्टिगा कार को रोक लिया। उसके बाद कार में सवार लोगों के साथ मारपीट कर नकदी रुपए छीन लिए।**



इस दौरान कार में सवार महिलाओं और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। कार चालक और अन्य पुरुष साथियों ने जब बदमाशों को दबोचने का प्रयास किया तो वह भाग निकले। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही घेराबंदी कर एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रमोद शर्मा (41) लटेरी जिला विदिशा का रहने वाला है। रविवार की रात वह आर्टिगा कार से गांव के लोगों को नर्मदा स्नान कराने के लिए होशंगाबाद लेकर जा रहा था। कार में प्रमोद के अलावा तीन पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे सवार थे। रात करीब ग्यारह बजे प्रमोद कार लेकर नजीराबाद थानांतर्गत ग्राम आमलिया के पास सुनसाल इलाके में पहुंचे, तभी रास्ते में दो व्यक्ति सड़क किनारे खड़े दिखाई दिए। यह दोनों व्यक्ति सड़क के दोनों तरफ खड़े हुए थे और हाथ में बांस लिए थे। सड़क पर लोगों को बांस लिए खड़ा देख प्रमोद ने अपनी कार रोकी, तभी दोनों बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। प्रमोद कुछ समझ पाते, इसके पहले ही बदमाशों ने उनसे ढाई हजार रुपए छीन लिए। सुनसान रास्ते और अंधेरे में हुई इस घटना से कार में सवार महिलाओं और बच्चों में चीख पुकार मच गई।

#### हिम्मत जुटाई तो भागे बदमाश

बताते हैं कि बदमाश गाली-गलौज और मारपीट करते हुए लोगों के मोबाइल फोन और महिलाओं के जेवरात छीनने का प्रयास कर रहे थे।

इसी बीच कार चालक और उसमें सवार तीन अन्य पुरुषों ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों से संघर्ष करना शुरू किया तो वह दोनों भागने लगे। पीछा करने पर दोनों बदमाश अंधेर में गायब हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर एक बदमाश को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि एक बदमाश प्रकाश मीना उसी गांव आमलिया का रहने वाला है, जबकि उसका साथी सियाराम मीना गुना जिले के रहने वाला बताया गया है।

### मोबाइल नहीं देने पर पीठ और दोनों जांघ पर ब्लेड मारी

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बिस्मिल्ला कॉलोनी में शनिवार रात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से उसका मोबाइल मांगा। मोबाइल नहीं देने पर बदमाश ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी पीठ सहित दोनों जांघ पर ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 18 साल का जीशान खान, बिस्मिल्ला कॉलोनी, ऐशबाग में रहता है और अशोका गार्डन में किसी दुकान पर काम करता है। शनिवार रात वह दुकान से काम करने के बाद घर लौट रहा था। इस दौरान मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। बिस्मिल्ला कॉलोनी में नाले के पास पहुंचते ही रात करीब पौने 9 बजे एक बाइक पर सवार तीन युवक पहुंचे। उन्होंने जीशान से मोबाइल मांगा। जीशान ने मोबाइल देने से इनकार किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। ब्लड उसे दोनों जांघ पर और पीट पर लगी है। मारपीट और हमले की शिकायत लेकर थाने पहुंचे जीशान से पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन जीशान का कहना था कि वह तीनों आरोपियों को नहीं जानता है और उनकी बाइक का नंबर भी नहीं देख सका है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर रेलवे ट्रैक पर राम मंदिर के पीछे रविवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसने आत्महत्या की या फिर दुर्घटनावश ट्रेन की चपेट में आया पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार विनोद अहिरवार पिता बलराम अहिरवार (20) भानपुर गांव छोला में अपनी मौसी और मौसा के घर रहता था। मूलत- शमशाबाद, जिला विदिशा निवासी विनोद गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में काम करता था।काम से नहीं लौटा तो हुई तलाश उसके मौसा भी औद्योगिक क्षेत्र की कंपनी में काम करते है। विनोद के चाचा पर्वत सिंह अहिरवार ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह काम पर गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि किसी युवक की लाश राम मंदिर के पीछे भानपुर रेलवे ट्रैक पर पड़ी है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर ली है। पुलिस का कहना है कि उसके चाचा सहित परिवार के लोग शोकाकुल हैं और कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं थे। लिहाजा यह कहना मुश्किल है कि उसने आत्महत्या की या फिर रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया है। परिजन उसका शव पीएम के बाद शमशाबाद ले गए है।

## रंजिश में युवक पर चाकू से हमला शिवरात्रि के दिन हुआ था विवाद



### मां और मामा के लड़के ने बीच-बचाव कर बचाई जान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित वाजपेयी नगर मल्टी में शनिवार देर रात दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू के आधा दर्जन से अधिक वार लगने से युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मल्टी वाजपेयी नगर निवासी शुभम खनगे (20) दस नंबर दानापानी स्थित सोलर पेनल में काम करता है। विगत 23 मई की रात साढ़े 8 बजे वह अपने घर के बाहर गैलरी में गाड़ी में बैठकर मोबाइल चला रहा था। तभी बादल अपने साथी अंकित करोले के साथ आया। शिवरात्रि के समय 12 नंबर स्टॉप पर शुभम का अंकित के साथ झगड़ा हुआ था।

उसी झगड़े को लेकर अंकित ने कहा कि तू आजकल मल्टी का दादा बन गया है। बहुत तेज चल रहा है। बादल व अंकित गाली-गलौज करने लगे। शुभम ने विरोध किया तो अंकित ने अपने पास रखी चाकू से हमला कर दिया। हमले में कंधे, कोहनी, गदेली, दाहिने हाथ की चारों अंगुलियां व अंगूठे में चोट आने से शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस बीच बादल भी हाथ-मुक्कों से मारपीट करता रहा। शोर सुनकर शुभम की मां सपना व मामा का लडका राहुल बीच-बचाव करने आ गए। उन्हें आता देख बादल व अंकित धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। आरोपियों ने धमकी दी कि हम लोगों के खिलाफ कोई साजिश रची तो जान से खत्म कर देंगे। हमले के दौरान आरोपियों ने शुभम का मोबाइल भी तोड़ दिया। परिजन ने गंभीर रूप से घायल शुभम को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है।

## बाइक तेजी से चलाई पत्नी गिरी आरोप : विवाद के कारण गिराया

### विवाद की सुलह कराकर रातीबड़ थाने से लौट थे दंपती

भोपाल, दोपहर मेट्रो

रातीबड़ थाने विवाद की सुलह कराकर लौट रही महिला को पति ने चलती बाइक से गिरा गया। महिला को गंभीर चोटें आई हैं। महिला का आरोप है कि पति ने जानबूझकर उसे नीचे गिराया है। वह पति के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कराने थाने पहुंची थी। पति के मनाने पर वह समझौता करने के लिए राजी हुई थी। पुलिस के अनुसार कृष्णा कॉलोनी नीलबड़ निवासी करिश्मा बाथम (28) गृहणी हैं। 24 मई की रात करीब 1 बजे पति कन्हैया बाथम ने करिश्मा के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की शिकायत कराने करिश्मा थाने पहुंची।

वहां पति के साथ समझौता हो गया। समझौता होने के बाद करिश्मा अपने पति के साथ बाइक से अपने घर जा रही थी। रात में घर लौटते समय पति कन्हैया रास्ते में बहुत तेज बाइक चलाने लगा। करिश्मा ने कन्हैया से कहा कि गाड़ी धीरे चलाओ, मैं गिर जाऊंगी। बावजूद इसके कन्हैया नहीं माना। उसने बाइक की रफ्तार और बढ़ा दी। पत्नी ने उसका विरोध किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। इस प्रकार सुबह करीब साढ़े पांच बजे लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण आईईएस कॉलेज के गेट के पास करिश्मा चलती बाइक से नीचे गिर गईं। उनके सिर, दोनों हाथों, पैर व कमर में चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने करिश्मा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। करिश्मा ने मोबाइल पर घटना की जानकारी अपने भाई व जीजा को दी। बाद में थाने आकर उसने पति कन्हैया बाथम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर गिराने व मारपीट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।




### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित आरिफ नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार मोहम्मद आजम पिता मोहम्मद रइश (40) गली नंबर-6, मकान नंबर-193, आरिफ नगर, गौतम नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार दोपहर करीब ढाई बजे उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। भाई सलमान ने उसे फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## लापता युवक की घोड़ा पछाड़ डेम में मिली लाश



**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित घोड़ापछाड़ डेम में रविवार दोपहर एक युवक की तलाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक गत 21 मई से घर से लापता था। उसकी परिजन ने गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि रविवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे सूचना मिली थी कि किसी युवक का शव घोड़ापछाड़ डेम में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव बाहर निकलवाया गया। डेम से कुछ दूरी पर एक बाइक भी खड़ी मिली थी। पुलिस ने मृतक की बाइक के नंबर के आधार पर उसकी शिनाख्त कर ली। मृतक मंजीत पाल पिता शंकर पाल (27) बरखेड़ा पठानी, गोविंदपुरा का था। उसके पिता भेल में ठेका श्रमिक है। परिजन ने बताया कि मंजीत भी ठेका श्रमिक था, लेकिन एक साल से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका था। परिजन उसका इलाज करा रहे थे, लेकिन उसे आराम नहीं लग सका। लिहाजा परिजन उसे ग्वालियर के मेंटल अस्पताल ले जाने वाले थे। इससे पहले ही वह घर से लापता हो गया। परिजन बताया कि वह बाइक लेकर 21 मई को वह घर निकला था। घर नहीं लौटने पर परिजन ने उसकी गोविंदपुरा थाने पहुंचकर गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।




**मेट्रो एंकर** कोलार क्षेत्र का मामला

## कोलार रोड पर कार की टक्कर से गाय बछड़े की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो


फाइल फोटो

कोलार इलाके में आधी रात को एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़ी गाय और बछड़े को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मवेशियों को टक्कर मारने के बाद कार ने पास ही खड़ी एक बुलेरो जीप को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र तोमर (37) कजलीखेड़ा कोलार रोड पर रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि शनिवार-रविवार की रात करीब एक बजे वह अपने घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़ी गाय और बछड़े को टक्कर मार दी।

उसके बाद सड़क किनारे खड़ी बुलेरो जीप को टक्कर मारते हुए कार लेकर भाग निकला। कार की टक्कर से गाय और बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इधर कोहेफिजा थानांतर्गत एयरपोर्ट रोड पर रहने वाली नम्रता सोनी एक निजी कंपनी में नौकरी करती हैं। रविवार की शाम करीब चार बजे वह स्कूटर लेकर न्यू मार्केट जाने के लिए निकली थी। रास्ते में एक तेज रफ्तार कार के चालक ने साईड से उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद उन्होंने थाने जाकर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022